# लोकरंग में विभिन्न राज्यों की लोक कलाओं की प्रस्तुति ने मन मोहा



**जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव का रविवार को राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्य मंच पर कुचामणी ख्याल, लोक गायन, भपंग, कथौड़ी नृत्य, भवाई, चरी, कालबेलिया और तेरहताली की प्रस्तुति हुई।**

**जयपुर**, (का.सं.)। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 27वें लोकरंग महोत्सव का रविवार को तीसरा दिन रहा। राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दस्तकारों के उत्पाद खरीदते नजर आए। यहां मुख्य मंच पर कुचामणी ख्याल, लोक गायन, भपंग, कथौड़ी नृत्य, भवाई, चरी, कालबेलिया, तेरहताली की प्रस्तुति हुई। लोक गायन सभा में माधवी मेवाल की लोक गायन और बाड़मेर के फकीरा खान भादरेश की मांगणियार गायन की प्रस्तुति हुई। मध्यवर्ती के मंच पर राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, गोवा, ओडिशा व उत्तर प्रदेश की लोक कलाएं साकार हुई।


मध्यवर्ती में मुजरो मान ली जो सा और घोड़लियो गीत के साथ जैसलमेर से आए मांगणियार बच्चों ने प्रस्तुति की शुरुआत की। सिर पर कलश रखकर बिहार के कलाकारों ने झिझिया नृत्य की प्रस्तुति दी। जेठ बैसाख माह में इंद्र देव का आभार व्यक्त करने के लिए यह नृत्य किया जाता है। मध्य प्रदेश के कलाकारों ने करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। गोंड जनजाति के कलाकार यह नृत्य करते हैं। बताया गया कि समुदाय के लोग श्रम को कर्म देवता मानते हैं, नृत्य में अच्छी फसल होने पर कर्म देवता का आभार व्यक्त किया जाता हैं। मुख्य रूप से कर्म पूजा महोत्सव में यह नृत्य किया जाता है। हिलजात्रा नृत्य की प्रस्तुति दर्शकों को उत्तराखंड की यात्रा पर ले जाती है। नेपाल के सीमावर्ती पिथौरागढ़ में होने वाला यह नृत्य कृषक समुदाय की ओर से किया जाता है जिसमें नेपाली संस्कृति का प्रभाव भी देखने को मिलता है। यह मुखौटा प्रधान नृत्य है, लख्या भूत नामक पात्र सभी का ध्यान खींचता है। लख्या को शिवगण माना जाता है उसकी उपस्थिति भगवान शिव के आशीर्वाद के रूप में देखी जाती है।

जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने सुरमा नृत्य की प्रस्तुति दी। शृंगार प्रधान नृत्य में नायिका अपने प्रियतम से घर आने की गुहार लगाती है। गोवा के कलाकारों ने समई नृत्य की प्रस्तुति दी। यह हस्तशिल्प और कला को समाहित करने वाली विधा है। पितल का दिया जिसे क्षेत्रीय भाषा में समाई कहा जाता है उसे सिर पर रखकर कलाकार नृत्य करते है।जौनसार, उत्तरखंड के जनजातीय कलाकारों ने जौनसारी नृत्य पेश किया। पुरुष और महिलाएं इसमें हिस्सा लेते है और प्रकृति व जीवन के बीच के संबंध को जाहिर करते हैं। ओड़िशा के कलाकारों ने डालखाई नृत्य पेश किया। यह एक जनजाति नृत्य है जिसमें अच्छी खेती के लिए डालखाई देवी का धन्यवाद व्यक्त किया जाता है। उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों ने मयूर नृत्य की प्रस्तुति से माहौल को कृष्णमय कर दिया।

शिल्पग्राम के मुख्य द्वार के सामने लॉन में सजी रंगचौपाल पर उदयपुर से आए कलाकारों ने गवरी लोक नाट्यय खेला। सोमवार को शाम 4 बजे से चौपाल में लोक नाटक की प्रस्तुति होगी।

त्योहारी सीजन में शिल्पग्राम में लगे मेले में रौनक देखने को मिली। गायन सभा में माधवी मेवाल की लोक गायन और बाड़मेर के फकीरा खान भादरेश की मांगणियार गायन प्रस्तुति हुई। फकीरा खान व साथी कलाकारों ने राधा रानी दे दारो बंसी म्हारी, झिर मीर बरसे मेह, हिचकी आदि लोक गीत गाए। मेले में गूंजते राजस्थानी गीतों का सभी आगंतुकों ने आनंद लिया।

# राज्यपाल ने श्री श्याम सेवा संघ समिति के वार्षिक महोत्सव में भाग लिया



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को हसनपुरा स्थित शांति नगर पार्क में श्री श्याम सेवा संघ समिति के 38वें वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने वहां पर किए जा रहे यज्ञ में भी आहूति दी। इस दौरान उन्होंने 551 दीपकों की महाआरती के साथ प्रारंभ हुए इस महोत्सव की विभिन्न धार्मिक गतिविधियों की सराहना की और श्याम बाबा की झांकी के दर्शन कर उनसे राष्ट्र और राज्य की खुशहाली और संपन्नता के साथ सभी के मंगल के लिए कामना की।**

## कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आज


**जयपुर**। प्रदेश में 13 नवम्बर को सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु 21 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी वार रूम पर प्रदेश कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान सहप्रभारी चिरंजी राव शामिल रहेंगे।

# चिकित्सा अधिकारी भर्ती में सीट बढ़ाने की मांग

**जयपुर**। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने चिकित्सा अधिकारी भर्ती 2024 में 1220 सीटों में वृद्धि कर 2700 पद करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

सराफ ने बताया कि राज्य में 2 साल बाद चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन आरयूएचएस के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें 1220 पदों पर चिकित्सा अधिकारी की भर्ती की जा रही है। जबकि प्रदेश में 5000 से अधिक पद खाली हैं जिनमें 3 महीने से पहले हुए डीएपीसी से 581 पद रिक्त हुए एवं पिछली 1765 भर्ती में 450 पद रिक्त हुए एवं वर्तमान में आरपीएससी मीटिंग पश्चात 500 पद रिक्त भी शामिल है। अभी वर्तमान में पीजी परीक्षा काउंसलिंग के बाद भी 1000 से अधिक पद रिक्त होने की संभावना है। सराफ ने कहा की सरकार इन 1220 पदों के साथ अन्य 1500 पदों पर भी भर्ती निकालती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गांव-गांव डॉक्टर का सपना पूरा होगा। भाजपा चुनाव घोषणा पत्र में सातवें क्रमांक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष 3000 चिकित्सा अधिकारी भर्ती करने की गारंटी दी थी एवं राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री द्वारा बजट 2024 में 1220 के अतिरिक्त 1500 नई चिकित्सा अधिकारी के पदों की घोषणा की गई थी।

# महापौर कुसुम यादव ने महिलाओं के साथ सामूहिक पूजन किया



**जयपुर**। करवा चौथ पर्व के अवसर हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं के साथ सामूहिक पूजन और व्रत किया। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस अवसर सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ चौथ माता की कहानी की और पूजन-व्रत किया। साथ ही सामूहिक चंद्र दर्शन कर व्रत खोला।

महापौर कुसुम यादव ने चौथ माता व्रत की महत्ता को बताया और चौथ माता से प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि अखंड सुहाग की मंगल कामना के लिए चौथ माता का व्रत और पूजन किया जाता है। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे देशभर में और विदेशों में भी जहां भारतीय परिवार रहते हैं, बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सधवा महिलाओं (विवाहित महिलाओं) द्वारा अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगल की कामना के लिए रखा जाता है। इस दौरान पार्षद पूनम शर्मा सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# प्रख्यात वायलिन वादक मैसूर मंजूनाथ बने संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष

**जयपुर**। विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक संगीतज्ञ प्रोफेसर डॉ मैसूर मंजूनाथ तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

निर्वाचित अध्यक्ष ने ऑनलाइन घोषणा की कि प्रसिद्ध अभिनेता.निर्देशक नीतीश भारद्वाज, मुंबई, कला विशेषज्ञ हेमलता एस मोहन, रांची, वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ रवींद्र भारती, जयपुर, संस्कार भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष होंगे। प्रसिद्ध सुरबहार वादक डॉ अश्विन दलवी, जयपुर, अखिल भारतीय महामंत्री होंगे।

अभिजीत गोखले, दिल्ली, अखिल भारतीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय मंत्री रवि बेडेकर, नासिक, निलाँजना रॉय, कोलकाता, अनुपम भटनागर, दिल्ली, आशुतोष अडोनी, नागपुर और संजय चौधरी, सुभाष चंद्र अग्रवाल, आगरा, कोषाध्यक्ष और श्रीपाद जोशी उज्जैन, सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

संस्कार भारती कला जगत का संगठन है। भारतीय कला जगत का संचालन भारतीय कला दृष्टि के आधार पर हो, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी बैठकों में योजना कार्यक्रम उपक्रम प्रकल्प इत्यादि नियोजित किए जाते हैं।

विचार आधारित प्रस्तुतियां हो इस दृष्टि से कला, शिक्षा, अध्ययन, समीक्षा, श्रोता, संस्थाएं सृजन, नीति निर्धारण इत्यादि में संस्कार भारती कार्य आगे बढ़ाने का विचार हुआ है। जिसमें देश के कलाकारों सहित कला जगत के अन्य घटकों में कार्य का विस्तार करने और विभिन्न कला विधाओं के चर्चा केंद्र, कला सर्कल आदि उपक्रम विशेषत: नगरों में शुरू किए जाने का निर्णय हुआ है।

सामाजिक समरसता विषय पर फरवरी में बेंगलुरु में हुए अखिल भारतीय कला साधक संगम की उपलब्धियां की समीक्षा की गई है उसके साथ ही इस वर्ष का भरतमुनि सम्मान दो कला विभागों. एक मंचीय कला और दूसरे साहित्य ;भारतीय भाषाओं में प्रदान करने का निर्णय हुआ है। जिसमें प्रत्येक को 1,51,000 रुपए की राशि, एक प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

## धौलपुर में हुई दुर्घटना पर दुःख जताया

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने धौलपुर में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। देवनानी ने इस दुर्घटना में निधन हुए लोगों के प्रति संवेदना जताई है।

# कर्नल राठौड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु से मुलाकात की



**कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को विनम्र व कर्मठ व्यक्तित्व के धनी, वरिष्ठ नेता, पूर्व केन्द्रीय सुरेश प्रभु से आत्मीय भेंट की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश में संचालित विकास योजनाओं, औद्योगिक प्रगति व राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के तहत राज्य में वैश्विक निवेश सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री ने राजस्थान के आर्थिक विकास की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हम सभी अंत्योदय से सर्वोदय के लक्ष्य साथ विकसित भारत, समृद्ध राजस्थान के नवनिर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।**

## पुलिस शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि आज

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस द्वारा पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर 21 अकटूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए), शास्त्री नगर, जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रात: 7:30 बजे से परेड, गार्ड ऑफ ऑनर और शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

राजस्थान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) साहू आरपीए में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित त्रिमूर्ति सर्किल के शहीद स्मारक पर भी पुलिस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस शहीदों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# वर्तमान वारफेयर की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक समाधान पर जोर दिया

**जयपुर**। रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर में 19 अक्टूबर को प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ प्रोफेसर अजय कुमार सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, डॉ समीर वी कामत, सचिव, डी डी आर एंड डी एवं अध्यक्ष, डी आर डी ओ, आर वी हरा प्रसाद, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एन एस एम) एवं निदेशक रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर, डॉ मनु कोरुल्ला, महानिदेशक (आर एम) एवं डॉ वाई श्रीनिवास राव, भूतपूर्व महानिदेशक (एन एस एम) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

आर वी हरा प्रसाद ने अपने स्वागत उदबोधन में रक्षा प्रयोगशाला द्वारा विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी क्षेत्र में किये गए कार्यों का जिक्र किया। डॉ कामत अपने अध्यक्षीय भाषण में रक्षा अनुसंधान में वर्तमान वारफेयर की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक समाधान पर कार्य करने की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने इंडिया 2030: एस एन टी अपर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज विषय पर 31वां प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान दिया। प्रोफेसर सूद ने भारतीय परिपेक्ष में बेसिक साइंस रिसर्च कि आवश्यकता पर प्रकाश डाला जिसमे उन्होंने आज की करंट रिसर्च विषय जैसे, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेंसिंग एंड डिटेक्शन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आज के युवा वैज्ञानिको को कार्य करने की बात कही साथ ही साथ राष्ट्र के आधारभूत विकास के लिए विज्ञान एवं प्रद्योगिकी क्षेत्र में सतत नवाचार का भी जिक्र किया।

कार्यक्रम का आयोजन अजय सिंह राठौर, सह-निदेशक की अध्यक्षता में किया गया एवं समापन राष्ट्रगान एवं डॉ अजय जैन, तकनीकी निदेशक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।



**रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर में प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ प्रोफेसर अजय कुमार सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, डॉ समीर वी कामत, सचिव, डी डी आर एंड डी एवं अध्यक्ष, डी आर डी ओ, आर वी हरा प्रसाद, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक ( एन एस एम ) एवं निदेशक रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर, डॉ मनु कोरुल्ला, महानिदेशक ( आर एम ) एवं डॉ वाई श्रीनिवास राव, भूतपूर्व महानिदेशक ( एन एस एम ) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।**

# पानी की मोटर चोरी करने वाला बाल अपचारी निरूद्ध

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेजीडेंसी से पानी की मोटर चोरी करने वाले एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। साथ ही बाल अपचारी से चोरी की गई पानी की मोटर भी जब्त की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि निरुद्ध बाल सम्प्रेषण गृह से दो बार फरार भी हो चुका है।थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि रेजीडेंसी से पानी की मोटर चोरी करने वाले एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। साथ ही बाल अपचारी से चोरी की गई पानी की मोटर भी जब्त की है। निरुद्ध किया गया बाल अपचारी आदतन अपराधी है जो पूर्व में नकबजनी की वारदातों में निरुद्ध हो चुका है। बाल अपचारी ऐसी सामग्री की तलाश में रहता है जिसमें तांबा और पीतल की धातु का उपयोग में आती है उसमें से तांबा और पीतल निकाल कर बेच देता है।

**खोया पाया**

मेरा Flat No. MB-1/706, प्रताप अपार्टमेन्ट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन व लीज मुक्ति प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। प्रदीप कुमार-9166804020

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य हरिशंकर शर्मा पुत्र श्री बजरंगलाल शर्मा निवासी झोडिन्दा भोजपुरा तहसील फागी, जयपुर हाल निवासी प्लाट नंबर 78अ, श्याम नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर अपने ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार शर्मा एंव उसकी पत्नि श्रीमती संगीता शर्मा को उनका चाल चलन ठीक नही होने कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते है और भविष्य में इनका मेरे अभिभाष्य की संपत्ति व उसके किसी भाग से कोई संबंध व सरोकार नही होगा।
जयपुर (अनूप शर्मा)
दिनांक 19.10.24 एडवोकेट

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 336/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री विजय शर्मा पुत्र श्री राम दयाल शर्मा निवासी एम-75, महेश कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर 302015 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1). केअन्तर्गत बिग स्माइल (BIGSMIILE) कार्यालय पता-एम-75, महेश कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर 302015 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे. इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18/10/225 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23/12/24
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर